शिक्षण-बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएं	छात्र क्रियाएं	श्यामपट्ट कार्य
व्यक्तिवाचक संज्ञा	जिस शब्द से किसी एक वस्तु या व्यक्ति का बोध हो उसे 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे - श्याम, उत्तर भारत, अमेरिकी, काला, सागर, गंगा, हिमालय, अशोक मार्ग, चाँदनी चौक, रामचरित मानस, मई, होली आदि।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	
भाववाचक संज्ञा	जिस संज्ञा शब्द से व्यक्ति या वस्तु के गुण या वस्तु के धर्म, दशा अथवा व्यापार का बोध होता है उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।		
बोध प्रश्न	भाववाचक संज्ञा का उदाहरण दो।	बुढ़ापा, गर्मी, अपनापन आदि	
समूहवाचक संज्ञा	जिस संज्ञा से वस्तु अथवा व्यक्ति के समूह का बोध हो, उसे समूहवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे - व्यक्ति का समूह - सभा, दल, गिरोह। वस्तुओं का समूह गुच्छा, कुंज, मण्डल आदि।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ	श्यामपट्टकार्य
द्रव्यवाचक संज्ञा	जिस संज्ञा से नापतोलवाली वस्तु का बोध हो उसे 'द्रव्य वाचक संज्ञा' कहते हैं। इस संज्ञा का सामान्यतः बहुवचन नहीं होता है। जैसे - लोहा, सोना, चाँदी, दूध, पानी, तेल आदि	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	

मूल्यांकन :-

① संज्ञा किसे कहते हैं?
② संज्ञा के भेद कौन - कौन से होते हैं?
③ जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?
④ व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?

गृह कार्य :-

① भाववाचक संज्ञा का निर्माण कैसे होता है?
② समूह वाचक संज्ञा किसे कहते हैं?
③ द्रव्यवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?
④ संज्ञा के सभी भेदों की व्याख्या करो?

Lesson taught
Absent

संदर्भ पुस्तिका :-

प्रस्तुत पाठ्य सामग्री हरियाणा शिक्षा बोर्ड कक्षा 7 की पाठ्य पुस्तिका 'हिन्दी व्याकरण' से लिया गया है।

LESSON No. ...4......

Date..................

Duration of the period. २० मिनट

Pupil Teacher's Name मनजीत शाहव

Pupil Teacher's Roll No. ....

Class... 7th

Average Age of the pupils..................

Subject... हिन्दी

Topic... एक तिनका

विषय वस्तु विश्लेषण :-

छात्रों को 'एक तिनका' कविता पढ़ाना तथा उसका भावार्थ बताना ।

सामान्य उद्देश्य :-

(1) छात्रों को 'एक तिनका' नामक कविता से अवगत कराना
(2) छात्रों में विचार विमर्श का विस्तार करना ।
(3) छात्रों के बौद्धिक व मानसिक विकास में वृद्धि करना ।
(4) छात्रों में कल्पना शक्ति का विस्तार करना ।

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :-

(1) ज्ञानात्मक उद्देश्य :-

छात्र कविता के भावार्थ को समझ सकेंगे

(2) बोधात्मक उद्देश्य :-

छात्र कविता की व्याख्या तथा भावार्थ से अवगत हो सकेंगे।

(3) प्रयोगात्मक उद्देश्य :-

छात्र चार्ट या मॉडल द्वारा कविता को दर्शा सकेंगे ।

(4) कौशलात्मक उद्देश्य :-

छात्र कविता का विश्लेषण कर सकेंगे ।

सामान्य सामग्री :-
चॉक, श्यामपट्ट, डस्टर, संकेतक आदि

अनुदेशनात्मक सामग्री :-
चार्ट द्वारा कविता को दर्शाना।

पूर्व ज्ञान :-
छात्र कविता के बारे में सामान्य जानकारी रखते हैं।

प्रस्तावना :-

क्रम.	छात्राध्यापिका क्रियाएं	छात्र क्रियाएं
1.	बच्चो! आपने कौन-कौन सी कविताएं पढ़ी हैं?	हम पक्षी उन्मुक्त गगन के, कठपुतली, श्याम एक किसान, रहीम के दोहे
2.	आपकी पुस्तक में 'अयोध्या सिंह उपाध्याय' ने कौन-सी कविता लिखी है?	एक तिनका
3.	'एक तिनका' कविता का भावार्थ बताओ?	समस्यात्मक प्रश्न

उद्देश्य कथन :-
अच्छे बच्चो तो आज हम 'एक तिनका' नामक कविता पढ़ेंगे व उसका भावार्थ समझ

प्रस्तुतीकरण :-

शिक्षण-बिंदु	छात्राध्यापिका क्रियाएं	छात्र क्रियाएं	श्यामपट्ट कार्य
कवि-परिचय	'एक तिनका' नामक कविता को अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' ने लिखा है	छात्र ध्यानपूर्वक सुनते हैं।	
सारांश	इस कविता में कवि ने अपने बगीचे में आँख में तिनका पड़ने की घटना का वर्णन किया है।	छात्र ध्यानपूर्वक सुन रहे हैं।	
आदर्श वाचन	मैं घमंड में भरा ऐंठा हुआ, एक दिन जब था मुंडेर पर खड़ा। आ अचानक दूर से उड़ता हुआ, एक तिनका आँख में मेरी पड़ा।		
अनुकरण वाचन	कोई एक छात्र इस पद्यांश को पढ़े।	मैं घमंड में भरा ऐंठा हुआ, एक दिन जब था मुंडेर पर खड़ा। आ अचानक दूर से उड़ता हुआ, एक तिनका आँख में मेरी पड़ा।	
शब्दार्थ	मुंडेर - दीवार या छत का निकला		

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएं	छात्र क्रियाएं	श्यामपट्ट का
	हुआ भाग। तिनका - घास का छोटा सा टुकड़ा ऐंठा हुआ - अकड़ा हुआ	छात्र ध्यानपूर्वक लिखते हैं।	
व्याख्या	कवि कहता है कि एक दिन जब वह घमंड से भरा अपने मकान की मुंडेर पर खड़ा था। उसी समय अचानक एक सूखी घास का तिनका हवा के झोंके के साथ आकर उसकी आँख में पड़ गया।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	मुंडेर - दीवार और छत को निकला हुआ भाग। तिनका - घास का छोटा सा टुकड़ा
बोध प्रश्न	यहाँ कवि ने किस चीज का वर्णन किया है?	अपने घमंड और आँख में पड़े तिनके का।	
आदर्श वाचन	मैं झिझक उठा बेचैन-सा, लाल होकर आँख भी दुखने लगी। मूठ देने लगे, लोग कपड़े की, ऐंठ बेचारी दबे पांवों भागी।	छात्र ध्यानपूर्वक सुन रहे हैं।	
अनुकरण वाचन	इन पंक्तियों को कोई एक छात्र पढ़ो।	मैं झिझक उठा बेचैन-सा, लाल होकर आँख भी दुखने लगी। मूठ देने लगे, लोग	

शिक्षण-बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएं	छात्र क्रियाएं	श्यामपट्ट क
		कपड़े की, ऐंठ बेचारी दबे पांवों भागी।	
शब्दार्थ	बेचैन-सा - व्याकुल होना दुखना - कष्ट या दर्द होना ऐंठ - अकड़न दबे पांवों भगना - चुपचाप भाग जाना।	छात्र ध्यान पूर्वक लिखते हैं।	बैचेन सा: व्याकुल हो दुखना - क महसूस होना ऐंठ - अकड़
व्याख्या	कवि कहता है कि उड़ते तिनके के आँख में पड़ते ही वह व्याकुल हो गया, वह झिझक उठा। उसकी आँखें लाल हो गई तथा दर्द होने लगा। कुछ लोग कपड़े को लपेट कर तिनका निकालने लगे। ऐसी दशा में कवि का सारा घमंड व अकड़ गायब हो चुका था मानो दबे पांव चुपचाप भाग गया हो।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	

मूल्यांकन :-
'एक तिनका' नामक कविता के लेखक कौन हैं?
1. यह कविता कवि ने किसके ऊपर लिखी है?
2. पहले पद्यांश में कवि ने किसका वर्णन किया है?
3. दूसरे पद्यांश में कवि ने किसका वर्णन किया है?
4.

गृह कार्य :-
1) इस कविता के रचयिता कौन हैं?
2) पहले पद्यांश की व्याख्या करो?
3) दूसरे पद्यांश की व्याख्या करो?
4) इस कविता से आप क्या समझते हो?

संदर्भ पुस्तिका :-
प्रस्तुत पद्यांश हरियाणा बोर्ड कक्षा 7 की हिन्दी पाठ्य पुस्तक से लिया गया है।

→ Introduction was good.
→ T. aids were used.
→ C.B.W. was satisfactory.

LESSON No. 5

Date ....

Duration of the period: 20 मिनट

Pupil Teacher's Name: मनजीत शहाग

Pupil Teacher's Roll No. ....

Class: 7th

Average Age of the pupils ....

Subject: हिन्दी

Topic: कर्ण

विषय वस्तु विश्लेषण :-
छात्रों को कर्ण के बारे में बताना तथा उसकी योग्यताओं से अवगत कराना।

सामान्य उद्देश्य :-
1) छात्रों को कर्ण के जीवन से परिचित कराना।
2) छात्रों में विचार विमर्श का विस्तार करना।
3) छात्रों के मानसिक व बौद्धिक विकास में सहायता
4) छात्रों में कल्पना शक्ति का विस्तार करना।

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :-

① ज्ञानात्मक उद्देश्य :-
1) छात्र कर्ण के विषय में जान सकेंगे।
2) छात्र कर्ण की योग्यताओं को समझ सकेंगे

② बोधात्मक उद्देश्य :-
1) छात्र कर्ण के जीवन से अवगत हो सकेंगे।
2) छात्र अच्छाई तथा बुराई का भेद बता सकेंगे।

③ प्रयोगात्मक उद्देश्य :-
1) छात्र कहानी के माध्यम से कर्ण के विषय में अवगत करा सकेंगे।

④ कौशलात्मक उद्देश्य :-
① छात्र कर्ण से संबंधित बातों का विश्लेषण कर सकेंगे।

सामान्य सामग्री :-
श्यामपट्ट, चॉक, डस्टर, संकेतक आदि

अनुदेशनात्मक सामग्री :-
चार्ट, मॉडल के द्वारा पाठ प्रस्तुत करना।

पूर्वज्ञान :-
छात्र कर्ण से सम्बंधित जानकारी रखते है।

प्रस्तावना :-

क्र.सं.	छात्राध्यापिका क्रियाएं	छात्र क्रियाएं
1.	महाभारत का युद्ध किसके - किसके बीच हुआ ?	कौरवों और पांडवों के बीच
2.	पांडव कौन थे ?	राजा पांडु के पुत्र
3.	कौरव कौन थे ?	राजा धृतराष्ट्र के पुत्र
4.	पाँच पाण्डवों के अलावा कुन्ती का एक पुत्र और था। क्या आप उसका नाम बता सकते हो ?	समस्यात्मक प्रश्न

उद्देश्य कथन :-
अच्छा बच्चो तो आज हम कुन्ती के छठे पुत्र कर्ण के बारे में पढ़ेंगे।

प्रस्तुतीकरण :-

शिक्षण-बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएं	छात्र क्रियाएं	श्यामपट्टका
कर्ण	कर्ण, कुन्ती का पुत्र था। जो सूर्य के आशीर्वाद स्वरूप था। कुन्ती जब कुँवारी थी तभी कर्ण का जन्म हुआ। अपनी लाज बचाने के लिए कुन्ती ने कर्ण को नदी में बहा दिया। जिसका पालन पोषण अधिरथ नामक सारथी पुत्र ने किया।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे है।	
सारांश	इस कहानी में कर्ण की दानवीरता तथा मृदुवीरता का वर्णन किया गया है।		
कहानी का प्रस्तुतीकरण	सभी पाँडवों व कौरवों ने कृपाचार्य तथा द्रोणाचार्य से लगातार शिक्षा ली। शस्त्र विद्या लेने के बाद एक समारोह किया गया। जिसमें सबने अपनी-2 प्रतिभा दिखाई तथा प्रतिस्पर्धा देखने लायक थी। परन्तु तीर चलाने में अर्जुन के समान कोई न था। अर्जुन ने धनुर्विद्या में विशेष खेल दिखाया। जिसे देखकर दुर्योधन जल गया। इसी बीच एक शर्मीला युवक अर्जुन के सामने आखड़ा हुआ। वो कुन्ती पुत्र कर्ण था। उसने अर्जुन को	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे है।	

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएं	छात्र क्रियाएं	श्यामपट्ट कार्य
	ललकारा कि 'तुमने जो करतब दिखाए हैं मैं उनसे बढ़कर दिखा सकता हूँ।' दर्शक भौचक्के रह गये। दुर्योधन इस बात से प्रसन्नचित हो उठा। उसने कर्ण को अपनी छाती से लगा लिया और कहा "मैं तुम्हारी क्या सहायता कर सकता हूँ?" तब कर्ण बोला कि मैं अर्जुन के साथ द्वंद युद्ध करना चाहता हूँ। कर्ण की बात सुनकर अर्जुन बोला जो बिना बुलाये या पीछे बोलता है वह निन्दा के योग्य होता है। इसी बीच कृपाचार्य ने कर्ण से कहा कि तुम अपना परिचय दो। तुम कौन हो और किसके पुत्र हो। युद्ध बराबरी वालों से होता है। सूतपुत्र की इस बात से कर्ण का सिर झुक गया।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	
दोहा प्रश्न	इस कहानी में कर्ण ने किसको ललकारा?	अर्जुन	
कहानी का प्रस्तुती-करण	कर्ण को इस तरह निराश देखकर दुर्योधन बोला "अगर बराबरी की बात है तो मैं आज ही तुम्हें अंगदेश का राजा बनाता हूँ" पितामह भीष्म तथा पिता धृतराष्ट्र की अनुमति लेकर दुर्योधन ने सभा में ही कर्ण का राज्याभिषेक कर कर्ण को अंगदेश का राजा घोषित कर दिया। इतने में बूढ़ा सारथी अधिरथ	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएं	छात्र क्रियाएं	श्यामपट्ट कार्य
	आ गया। कर्ण उसे देखकर पिता को बड़े आदर के साथ सिर नवाया। यह देखकर भीम खूब तेज हँस पड़ा और बोला — "सारथी के बेटे, धनुष छोड़ हाथ में चाबुक लो, चाबुक। वही तुम्हें शोभा देगा। तुम भला कब से अर्जुन के साथ द्वंदयुद्ध करने योग्य हो गए?" एक बार इन्द्र कर्ण से उसके कवच व कुण्डल माँगने आये। सूर्यदेव ने इन्द्र की इस चाल के बारे में कर्ण को पहले ही बता दिया। परन्तु कर्ण ने फिर भी कवच और कुण्डल इन्द्र को दे दिए। तब इन्द्र ने प्रसन्न होकर कर्ण को वर दिया। कर्ण ने वर के रूप में इन्द्र से शक्ति शस्त्र माँगा। इन्द्र ने कहा कि मैं तुम्हें शक्ति शस्त्र देता हूँ परन्तु तुम इसका प्रयोग एक ही बार कर सकोगे उसके बाद यह वापस मेरे पास आ जायेगा।	छात्र ध्यानपूर्वक सुन रहे हैं।	
शब्दार्थ	रंगभूमि — मनोरंजन का स्थान द्वंद युद्ध — दो लोगों के बीच युद्ध	छात्र ध्यान पूर्वक लिख रहे हैं।	

मूल्यांकन :-
1) कर्ण किसका पुत्र था ?
2) कर्ण का पालन-पोषण किसने किया ?
3) कर्ण ने द्वन्द युद्ध के लिए किसको ललकारा ?
4) कर्ण ने राज्याभिषेक के समय किसको सिर नवाया ?

गृह कार्य :-

1) कर्ण कौन था ? उसका पालन-पोषण किसने किया ?
2) कर्ण को दुर्योधन ने अंगदेश का राजा क्यों बनाया ?
3) कर्ण ने अपना कवच-कुण्डल किसको दान में दिया ?
4) कर्ण का सिर रंगभूमि में क्यों झुक गया ?

संदर्भ पुस्तिका :-
प्रस्तुत पाठ्य सामग्री हरियाणा बोर्ड कक्षा 7 की पाठ्य पुस्तक 'बाल महाभारत कथा' से ली गई है।

Lesson Taught

LESSON No. 6.......

Date..........

Duration of the period 20 मिनट

Pupil Teacher's Name मनजनी शहाव

Pupil Teacher's Roll No. ....

Class 7th

Average Age of the pupils..........

Subject हिन्दी

Topic द्रौपदी - स्वंयवर

विषय वस्तु विश्लेषण :-
छात्रों को द्रौपदी स्वयंवर के बारे में बताना।

सामान्य उद्देश्य :-
* छात्रों को द्रौपदी-स्वयंवर से परिचित कराना।
* छात्रों में विचार विमर्श का विस्तार करना।
* छात्रों की बौद्धिक व मानसिक विकास में सहायता करना।
* छात्रों में कल्पना शक्ति का विस्तार करना।

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :-

(1) ज्ञानात्मक उद्देश्य :-
छात्र द्रौपदी-स्वयंवर के बारे में जान सकेंगे।

(2) बोधात्मक उद्देश्य :-
छात्र द्रौपदी-स्वंयवर में आए राजकुमारों का बोध करा सकेंगे।

(3) प्रयोगात्मक उद्देश्य :-
छात्र उदाहरण या कहानी द्वारा द्रौपदी स्वंयवर को दर्शा सकेंगे।

(4) कौशलात्मक उद्देश्य :-
छात्र द्रौपदी-स्वंयवर का विश्लेषण कर सकेंगे।

सामान्य सामग्री :-
श्यामपट्ट, चॉक, डस्टर, संकेतक आदि।

अनुदेशनात्मक सामग्री :-
चार्ट मॉडल या उदाहरण द्वारा प्रस्तुत करना

पूर्वज्ञान :-
छात्र द्रौपदी स्वंयवर के बारे में सामान्य जानकारी रखते

प्रस्तावना :-

क्र.स.	छात्राध्यापिका क्रियाएं	छात्र क्रियाएं
1	महाभारत का युद्ध किस-किस के मध्य लड़ा गया?	कौरव तथा पाण्डव
2	पांडव कौन-कौन थे?	अर्जुन, भीम, नकुल, सहदेव और युधिष्ठर
3	अर्जुन ने जीते की मछली की आँख में तीर किस स्वयंवर में मारा?	द्रौपदी-स्वंयवर
4	द्रौपदी-स्वंयवर के विषय में विस्तार से बताओ।	समस्यात्मक प्रश्न

उद्देश्य कथन :-
अच्छा बच्चो आज हम द्रौपदी-स्वयंवर के बारे में विस्तार से पढ़ेंगे।

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएं	छात्र क्रियाएं	श्यामपट्ट कार्य
सारांश	इस कहानी में पाँचों पांडव तथा द्रौपदी स्वयंवर में आए राजकुमारों का वर्णन किया गया है। तथा अर्जुन द्वारा मछली की आँख में तीर मारकर द्रौपदी स्वंयवर में विजयी होकर द्रौपदी को अपने साथ ले गए।	छात्र ध्यानपूर्वक सुनते हैं।	
कहानी का प्रस्तुतीकरण	पांडव ब्राह्मण वेश में एकचक्रा नगरी में रह रहे थे। उसी समय पांचाल नरेश की पुत्री द्रौपदी का स्वंयवर रचा जा रहा था। पांडव भी उसी स्वयंवर में ब्राह्मण वेश में पहुँचे। उस स्वंयवर में कई देशों के राजा आए हुए थे। जिनमें मुख्यत: शिशुपाल, कर्ण, धृतराष्ट्र के सभी पुत्र, कृष्ण एवं जरासंध थे। घुमते चक्र पर एक सोने की मछली टंगी थी। धनुष से बाण चलाकर जो मछली की आंख में निशाना लगा देगा, उसी के साथ द्रौपदी का विवाह होना निश्चित था। द्रौपदी स्वंयवर को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़		द्रौपदी का भाई धृष्टद्युम्न था।

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएं	छात्र क्रियाएं	श्यामपट्ट
	थी। राजकुमार धृष्टद्युम्न सीधे घर सवार होकर आगे आया। उसके पीछे हाथी पर सवार द्रौपदी आई। हाथ में फूलों का हार लिए राजकन्या हाथी से उतरी और सभा में पदार्पण किया।		
बोध प्रश्न	इस कहानी में किसका वर्णन किया गया है?	द्रौपदी स्वंयवर में आए राजकुमार व पाँचों पाण्डव	
कहानी का प्रस्तुतीकरण	द्रौपदी स्वंयवर हेतु आए हुए राजकुमार एक-एक करके धनुष उठाते गए तथा डोरी न चढ़ने पर अपमानित होकर वापस बैठते गए। अब कर्ण ने जैसे ही धनुष की डोरी चढ़ाना शुरू किया, इतने में धनुष का सिरा उसके हाथ से छूट कर मुँह पर आ लगा। वह निराश होकर चुपचाप चुपचाप बैठ गया। इसके बाद ब्राह्मण वेशधारी अर्जुन के खड़े होते ही सारी सभा में कोलाहल मच गया। अर्जुन ने धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाई और पाँचों बाण सीधे मछली की आँख में जा लगे और मछली नीचे गिर गई। द्रौपदी ने शर्माते हुए लेकिन प्रसन्नता पूर्वक अर्जुन को हार पहनाया	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएं	छात्र क्रियाएं	श्यामपट्ट
	माता कुन्ती को यह खबर देने के लिए युधिष्ठिर, नकुल व सहदेव मण्डप से उठकर चले गए। परन्तु भीम वहीं खड़े रहे तभी क्रोध में आकर सभी राजकुमार अर्जुन को कुछ कर न दो राजकुमारों में भारी हलचल मच गई वे शोर मचाने लगे। यह देखकर श्रीकृष्ण बलराम व कुछ राजा उन्हें समझाने लगे। इसी बीच भीम, अर्जुन व द्रौपदी भी मण्डप से घर की ओर चल दिए। उन्हें जाता देख धृष्टद्युम्न भी उनके पीछे चले गए। कुटिया में पाँचों पाण्डव व माता कुन्ती को देखकर हैरान रह गए। उसने वापस लौटकर सारी बात अपने पिता को बताई। राजा द्रुपद अर्जुन जैसे धनुषधारी को अपनी बेटी देकर बहुत खुश थे। उन्हें अब द्रोणाचार्य की शक्ति से कोई भय नहीं था। माँ की आज्ञा और सबकी सम्मति से द्रौपदी के साथ पाँचों पाण्डवों का विवाह हो गया और वे सुख पूर्वक रहने लगे।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	

मूल्यांकन :-
1) द्रौपदी के स्वयंवर में कौन-कौन से राजा आए थे?
2) द्रौपदी के पिता का क्या नाम था? और वे कहाँ के राजा थे?
3) द्रौपदी के भाई का क्या नाम था?

गृह कार्य :-
1) द्रौपदी स्वयंवर में किसपर सवार होकर आई?
2) किस राजा के हाथ से धनुष का टुकड़ा टूटा?
3) पाण्डव किस भेष में स्वयंवर में आए?
4) अर्जुन ने स्वयंवर कैसे जीता?
5) धृष्टद्युम्न ने कुटिया में क्या देखा?

संदर्भ पुस्तिका :-
प्रस्तुत पाठ्य सामग्री हरियाणा शिक्षा बोर्ड की कक्षा 7वीं की पाठ्य पुस्तक 'बाल महाभारत कथा' से लिया गया है।

→ Lesson is introduced in proper way
→ Class interaction is good. Questions are asking to students.
→ T. aids are used.
Approved

Date.
LESSON No. 7
Pupil Teacher's Name मनजनी राघव
Duration of the period 20 मिनट
Class 7th
Pupil Teacher's Roll No.
Subject हिन्दी
Average Age of the pupils
Topic वचन

विषय वस्तु विश्लेषण –
छात्रो को ~~वचन~~ वचन के बारे मे बताना उसके भेद से अवगत करना।

सामान्य उद्देश्य :-
* छात्रों को वचन से अवगत कराना।
* छात्रों को वचन से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान वर्धित कराना
* छात्रों में विचार विमर्श का विस्तार करना।
* छात्रों में कल्पना शक्ति का विकास करना।

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :-

(1) ज्ञानात्मक उद्देश्य :-
(1) छात्र वचन के बारे में जान सकेंगे।

(2) बोधात्मक उद्देश्य :-
छात्र वचन के भेदों का बोध करा सकेंगे।

(3) प्रयोगात्मक उद्देश्य :-
छात्र प्रयोग के द्वारा वचन के भेद बता सकेंगे।

(4) कौशलात्मक उद्देश्य :-
छात्र वचन का विश्लेषण कर सकेंगे।

सामान्य सामग्री :-
चॉक, श्यामपट्ट, डस्टर और संकेतक।

अनुदेशनात्मक सामग्री :-
चार्ट, मॉडल या फ्लैश कार्ड द्वारा वचन को प्रदर्शित करना।

पूर्व ज्ञान :-
छात्र वचन के बारे में सामान्य जानकारी रखते हैं।

प्रस्तावना :-

क्र.सं.	छात्राध्यापिका क्रिया	छात्र क्रिया
1.	कर्ता किसे कहते हैं?	वाक्य में कार्य करने वाले को कर्ता कहते हैं।
2.	क्रिया किसे कहते हैं?	कर्ता द्वारा किए गए कार्य को क्रिया कहते हैं।
3.	कर्म किसे कहते हैं?	कर्ता के द्वारा किसी वस्तु पर किया गया कार्य कर्म कहलाता है।
4.	अगर वाक्य में दो कर्ता हो तो उसे कौन सी संज्ञा कहेंगे?	समस्यात्मक प्रश्न

उद्देश्य कथन-
अच्छे बच्चों आज मैं आपको वचन के बारे में बताऊँगी।

प्रस्तुतीकरण :-

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रिया	छात्र क्रिया	श्यामपट्ट कार्य
वचन	संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया के जिस रूप से संख्या का बोध हो, उसे 'वचन' कहते हैं। दूसरे शब्दों में संख्याबोधक के विकारी रूप का नाम 'वचन' है।	छात्र-ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	
वचन का शाब्दिक अर्थ	वचन का शाब्दिक अर्थ है-संख्या शाब्दिक वचन। 'संख्यावचन' को संक्षेप में ही वचन कहते हैं। वचन का अर्थ 'कहना' भी है।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	(पुल्लिंग) संज्ञा जैसे — लड़का-लड़के गधा-गधे पहिया-पहिए घोड़ा-घोड़े
वचन के प्रकार	अंग्रेजी की तरह हिन्दी में भी वचन के दो प्रकार हैं — एकवचन और बहुवचन।		
एकवचन	विकारी शब्द में जिस रूप से एक पदार्थ या व्यक्ति का बोध होता है, उसे एकवचन कहते हैं। जैसे, नदी, लड़का, घोड़ा, बच्चा आदि।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	
बहुवचन	अविकारी शब्द के जिस रूप से अधिक पदार्थों अथवा व्यक्तियों का बोध होता है, उसे		

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रिया	छात्र क्रिया	श्यामपट्ट
	बहुवचन कहते हैं। जैसे – नदियाँ, लड़के, घोड़े, आदि।		
बोध-प्रश्न	वचन कितने प्रकार के होते हैं?	दो प्रकार के एकवचन और बहुवचन	
वचन के प्रकार	वचन के कारण सभी शब्दों, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया के रूप विकृत होते हैं। किन्तु यहाँ ध्यान देने की बात यह है कि यहाँ सर्वनाम, विशेषण और क्रिया के रूप मूलतः संज्ञाओं पर ही आश्रित हैं। इसलिए 'वचन' में संज्ञा शब्दों का रूपान्तर होता है। वचन के अधीन संज्ञा के रूप दो तरह से परिवर्तित होते हैं :– का विभक्ति रहित एवं विभक्ति सहित	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	
विभक्ति रहित संज्ञा को बहुवचन बनाने के नियम	पुल्लिंग संज्ञाओं के अकारांत को एकारांत कर देने से बहुवचन बनता है। जैसे– लड़का – लड़के, गधा – गधे, पहिया – पहिये, कपड़ा – कपड़े, घोड़ा – घोड़े, आदि।		
अपवाद	जैसे एकवचन - हरि तुम्हारे मामा हैं। बहुवचन - हरि और प्रेम तुम्हारे मामा हैं।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	

शिक्षण बिंदु	छात्राध्यापिका क्रिया		
	एकवचन - किशोर एक दाता है। बहुवचन - स्कूल के अनेक दाता हैं।		
अकारांत स्त्रीलिंग एकवचन	अकारांत स्त्रीलिंग एकवचन संज्ञा - शब्दों के अंत में 'ए' लगाने से बहुवचन बनता है। जैसे - शाखा - शाखाएँ, कामना - कामनाएँ	सभी छात्र ध्यान से सुन रहें है।	
बोध प्रश्न	एकवचन का उदाहरण दो।	बह, राम, घोड़ा गधा आदि।	
विभक्ति सहित संज्ञाओं के बहुवचन बनाने के नियम	अकारांत, आकारान्त तथा एकान्त संज्ञाओं में अंतिम 'अ' 'आ' या 'ए' के स्थान पर बहुवचन बनाने में 'ओं' कर दिया जाता है। जैसे - लड़का - लड़के, घर - घरों।	बच्चे ध्यान पूर्वक सुन रहे है।	अन्त में (ए) स्त्रीलिंग संज्ञा शाखा - शाखाएं कामना - कामनाएं
इकारांत और ईकारांत	जैसे मुनि - मुनियों, गली - गलियों, नदी - नदियाँ, रोटी - रोटियाँ, गोटी - गोटियाँ, चोटी - चोटियाँ		

मूल्यांकन ⟹

वचन किसे कहते है ?
1) वचन कितने प्रकार के होते है ?
2) संज्ञाओं के बहुवचन बनाने के
3) नियम कितने प्रकार के होते है ?

सन्दर्भ पुस्तिका ⟹

प्रस्तुत पाठ्य पुस्तक 'हिन्दी व्याकरण' हरियाणा शिक्षा बोर्ड कक्षा 7वीं के पुस्तक से लिया गया है।

→ Explanation was Satisfactory.

LESSON No. 8

Date ....

Duration of the period 20 मिनट

Pupil Teacher's Name मनस्वनी राघव

Pupil Teacher's Roll No. ....

Class 7th

Average Age of the pupils ....

Subject हिन्दी

Topic भीम और हनुमान

विषय-वस्तु विश्लेषण :—

छात्रों को भीम और हनुमान की कहानी सुनाना।

सामान्य उद्देश्य :—

1. छात्रों को भीम और हनुमान से अवगत कराना।
2. छात्रों का विचार-विमर्श का विस्तार करना।
3. छात्रों के मानसिक और बौद्धिक विकास में सहायता करना।
4. छात्रों की कल्पना शक्ति का विस्तार करना।
5. छात्रों को विषय से संबंधित सामान्य ज्ञान वर्धित करना
6. छात्रों के लेखन-कौशल में वृद्धि करना।

→ अनुदेशनात्मक उद्देश्य ←

ज्ञानात्मक उद्देश्य :—

छात्र भीम और हनुमान नामक कहानी के बारे में जान सकेंगे।

बोधात्मक उद्देश्य :—

छात्र भीम और हनुमान में भेद बता सकेंगे।

प्रयोगात्मक उद्देश्य :—

छात्र प्रयोग तथा कहानी सुनाकर 'भीम और हनुमान' नामक कहानी को प्रदर्शित कर सकेंगे।

कौशलात्मक उद्देश्य :— छात्र 'भीम और हनुमान' नामक कहानी का विश्लेषण कर सकेंगे।

सामान्य सामग्री :— चाक, श्यामपट्ट, डस्टर और संकेतक।

अनुदेशात्मक सामग्री :— चार्ट, मॉडल या फ्लैश कार्ड द्वारा कहानी प्रस्तुत करना।

पूर्व ज्ञान :— छात्र भीम और हनुमान के बारे में सामान्य जानकारी रखते हैं।

प्रस्तावना

छात्रा अध्यापिका क्रिया	छात्र - क्रिया
1. कुंती कौन थी?	पांचों पांडवों की माँ
2. द्रौपदी कौन थी?	पाँचों पांडवों की पत्नी
3. पाँच पांडवों के नाम बताओ?	अर्जुन, भीम, युधिष्ठिर नकुल, सहदेव
4. भीम और हनुमान की कोई कहानी आपने पढ़ी है?	समस्यात्मक प्रश्न

उद्देश्य कथन :— अच्छा बच्चों आज मैं आपको 'भीम और हनुमान के बारे में बताऊंगी

शिक्षण बिंदु	अध्यापिका - क्रिया	छात्र क्रिया	श्यामपट्ट कार्य
सारांश	इस कहानी में भीम और हनुमान के बारे में बताया गया है। इस कहानी में एक फूल पता नहीं कहाँ से उड़कर द्रौपदी के सामने गिर जाता है। और द्रौपदी को वह फूल अच्छा लगता है और वह युधिष्ठिर से और फूल मांगती है। तो भीम लाने के लिए जाते हैं। वैसा ही फूल और उनका मिलन एक बन्दर से होता है	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	
कहानी का प्रस्तुतिकरण	एक दिन बहुत सुहावना मौसम था। द्रौपदी आश्रम के बाहर खड़ी थी। इतने में एक सुन्दर फूल को देखकर भीम से इस प्रकार के अनेक फूल लाने को कहा। भीम फूल लेने चल पड़े। वे चलते - चलते घाटी में पहुंच गए। जहाँ केले के पेड़ों का एक विशाल बगीचा लगा हुआ है। वहाँ एक बड़ा बंदर सोया हुआ था। भीम पर लगते ही वह बंदर उठ गया। भीम से बोला कि तुमने मुझे क्यों उठाया है।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	

शिक्षण बिंदु	छात्राध्यापिका क्रिया	छात्र क्रिया	श्यामपट्ट कार्य
	उस बंदर की बात सुनकर भीम बोले तुम्हें पता नहीं मैं कौन हूँ। मैं कुरुवंश का राजकुमार हूँ। तब बन्दर बोला तुझे जाना है तो मुझे लाँघकर चले जाओ। तब भीम बोला जानवर को लाँघना अनुचित होगा।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	
	यह सुनकर बन्दर ने कहा कि यदि तुम लाँघना नहीं चाहते तो मेरी पूँछ को उठाकर दूसरी तरफ रख दो और चले जाओ।		
	भीम ने पूँछ को उठाने का काफी प्रयत्न किया। परन्तु सब व्यर्थ गया। भीम शर्मिन्दा हुए तथा उनका गर्व चूर-चूर हो गया। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ कि मुझसे ताकतवर यह कौन है?		
	वह नम्र हो गया और बोला "मुझे क्षमा करें। आप कौन हैं?"		
	हनुमान ने कहा कि "हे! पांडवेश! मैं हनुमान हूँ।"		

शिक्षणबिन्दु	छात्राध्यापिका क्रिया	छात्र क्रिया	श्यामपट्ट कार्य
	भीम बोला "हे! श्रेष्ठ वानरराज मुझसे भाग्यवान और कौन होगा, जो आपके दर्शन प्राप्त हुए।" यह कहकर भीम ने हनुमान को दण्डवत प्रणाम किया।		
	मारुति ने आशीर्वाद देते हुए कहा — "भीम! युद्ध के समय तुम्हारे भाई अर्जुन के रथ पर उड़ने वाले ध्वजा पर मैं विद्यमान रहूँगा। विजय तुम्हारी ही होगी। उसके बाद हनुमान ने भीमसेन को पास के झरने में खिले हुए सुगंधित फूल दिखाए। फूलों को देखते ही भीमसेन को द्रौपदी का स्मरण हो आया। उसने जल्दी से फूल तोड़े और वेग से आश्रम की ओर लौटे।		

मूल्यांकन →

द्रौपदी को क्या अच्छा लगा ?
1. द्रौपदी ने फूल लेने के लिए किसको भेजा ?
2. भीम को बन्दर से मिलन कहाँ हुआ ?
3. बन्दर रूप में यह कौन था ?
4. उसने भीम को क्या आशीर्वाद दिया ?
5.

संदर्भ पुस्तिका →

प्रस्तुत पाठ्य-पुस्तक 'हिन्दी के बाल महाभारत कथा' नामक पुस्तक से लिया गया है। जो कक्षा 7 की है।

LESSON No. 9

Date..........

Pupil Teacher's Name मन्जली राघव

Duration of the period 20 मिनट

Class 7th

Pupil Teacher's Roll No. [illegible]

Subject हिन्दी

Average Age of the pupils..........

Topic अभिमन्यु

विषय-वस्तु विश्लेषण

सामान्य उद्देश्य

1. छात्रों को अभिमन्यु की कहानी से अवगत कराना।
2. छात्रों के विचार-विमर्श का विस्तार करना।
3. छात्रों के मानसिक तथा बौद्धिक विकास में सहायता करना।
4. छात्रों की कल्पना शक्ति का विस्तार कराना।
5. छात्रों को विषय से संबंधित सामान्य ज्ञान वर्धित कराना।
6. छात्रों को लेखन कौशल में वृद्धि कराना।

अनुदेशनात्मक सामग्री –

ज्ञानात्मक सामग्री →

छात्र अभिमन्यु के बारे में जान सकेंगे।
छात्र अभिमन्यु के जीवन से अवगत हो सकेंगे।

बोधात्मक सामग्री →

छात्र अभिमन्यु के जीवन के बारें में भेद बता सकेंगे।

प्रयोगात्मक सामग्री →

छात्र कहानी सुनाकर के या उदाहरण द्वारा अभिमन्यु के जीवन से अवगत कर सकेंगे।

कौशलात्मक उद्देश्य →

छात्र कहानी का विश्लेषण कर सकेंगे

सामान्य सामग्री → चॉक, डस्टर, श्यामपट्ट और संकेत

अनुदेशनात्मक सामग्री → चार्ट मॉडल तथा फ्लैश कार्ड द्वारा पढ़ाया गया।

पूर्व-ज्ञान → छात्र अभिमन्यु के बारे में सामान्य जानकारी रखते हैं।

प्रस्तावना →

	छात्राध्यापिका क्रिया	छात्र क्रिया
	कुंती कौन थी?	पांडवों की माँ
2.	महाभारत का युद्ध किसके बीच हुआ?	कौरव और पांडवों के बीच।
3.	पांडवों की पत्नी का क्या नाम था?	द्रौपदी
4.	अर्जुन की एक पत्नी और थी? जिनका पुत्र अभिमन्यु था?	सुभद्रा
5.	सुभद्रा के पुत्र का क्या नाम था?	समस्यात्मक प्रश्न

प्रस्तुति उद्देश्य कथन ⟹ आज मैं तुम्हें सुभद्रा के पुत्र के बारे में बताऊँगी।

प्रस्तुतिकरण ⟹

शिक्षण बिंदु	छात्राध्यापिका - क्रिया	छात्र-क्रिया श्यामपट्ट कार्य
सारांश	इस कहानी में सुभद्रा के पुत्र अभिमन्यु का वर्णन किया गया है। इसमें अभिमन्यु को युधिष्ठिर कहते हैं कि बेटा, युद्ध के लिए आगे बढ़ो। तुम्हारे साथ कई वीर हैं, तुम्हीं चक्रव्यूह तोड़ सकते हो। इस कहानी में चक्रव्यूह में अभिमन्यु की मृत्यु हो जाती है।	
कहानी का प्रस्तुतीकरण	तेरहवें दिन भी संशप्त ने अर्जुन को युद्ध के लिए ललकारा। द्रोणाचार्य ने इसके लिए चक्रव्यूह की रचना की। सुभद्रा पुत्र अभिमन्यु अभी बालक था। परंतु वह अर्जुन की तरह वीर था। युधिष्ठिर ने कहा कि बेटा तुम चक्रव्यूह को नष्ट कर सकते हो। इसलिए युद्ध में आगे बढ़ो। वे बोले कि मुझे इस व्यूह से निकलना नहीं आता। युधिष्ठिर बोले कि पांडव से कई वीर तुम्हारे साथ-2 चलेंगे। चक्रव्यूह नष्ट	

शिक्षण-बिंदु	छात्राध्यापिका-क्रिया	छात्र-क्रिया	श्यामपट्ट कार्य
	होते ही हम कौरव सेना को नष्ट करेंगे। उसे सारथी को भी उत्साहित किया। तथा द्रोण की तरफ रथ बढ़ाया। अभिमन्यु चक्रव्युह में प्रवेश कर गया। परंतु जयद्रथ के कारण अन्य वीर इस व्युह में प्रवेश नहीं कर सके। जयद्रथ के कारण अन्य वीर चक्रव्युह में प्रवेश नहीं कर सके। उधर अभिमन्यु युद्ध कर रहा था, उसी समय दुर्योधन का एक बेटा युद्ध में अभिमन्यु के हाथों मारा गया। कौरव सेना ने अभिमन्यु का धनुष काट दिया। साथ ही उसके घोड़े, रथ, और सारथी नष्ट कर दिये। उसने टूटे रथ का पहिया उठा लिया और युद्ध करने लगा। वह गदा उठाकर दुशासन पुत्र से गदा युद्ध करने लगा अंत में दुशासन पुत्र		

शिक्षण बिंदु	छात्राध्यापिका - कार्य	छात्र-क्रिया	श्यामपट्ट कार्य
	का एक वार अभिमन्यु पर पड़ गया और वह मृत्यु को प्राप्त हो गया। अभिमन्यु की मृत्यु का समाचार जब युधिष्ठिर ने सुना तो उसने अर्जुन को बताया तो अर्जुन मुर्छित हो गया। होश आने पर उसने अगले दिन जयद्रथ युद्ध वध सूर्यास्त से पहले करने की ठान ली। दुर्योधन ने जयद्रथ को आशवासन देते हुए कहा कि वह उसे अवश्य बचाएगा। कौरव सेना को एक तरीके से प्रस्तुत होना था। द्रोण ने युद्ध क्षेत्र से बारह मील दूर जयद्रथ को सुरक्षित कर रखा था। अर्जुन वहीं पहुंच गए। तथा दुर्योधन चिंता करने लगे।		

मूल्यांकन ⟹

1. अभिमन्यु किसका पुत्र था ?
2. अभिमन्यु को युद्ध के लिए किसने प्रोत्साहित किया था।
3. अभिमन्यु ने कौन-सा युद्ध किया था
4. अभिमन्यु की मृत्यु किसकी गदा से हुई थी?

संदर्भ पुस्तिका :-

प्रस्तुत पाठ्य-पुस्तक 'बाल महाभारत कथा' हरियाणा शिक्षा-बोर्ड द्वारा 7वीं कक्षा की पुस्तक से लिया गया है।

Lesson taught with the help of chart. Afterwards

LESSON No. ...10...

Date....................

Pupil Teacher's Name ...सजनी राघव...

Class...7th...

Subject...हिन्दी...

Duration of the period...20 मिनट...

Pupil Teacher's Roll No.....................

Average Age of the pupils....................

Topic...अश्वत्थामा...

विषय-वस्तु विश्लेषण :-

छात्रों को अश्वत्थामा के बारें में बताना।

सामान्य उद्देश्य

1. छात्रों को अश्वत्थामा से अवगत कराना।
2. छात्रों के विचार-विमर्श का विस्तार करना
3. छात्रों के मानसिक व बौद्धिक विकास में सहायता करना।
4. छात्रों को विषय से संबंधित सामान्य ज्ञान वर्धित करना।
5. छात्रों के लेखन-कौशल में वृद्धि करना।

-: अनुदेशनात्मक उद्देश्य :-

ज्ञानात्मक उद्देश्य :-

छात्र अश्वत्थामा के बारें में जान सकें।

बोधात्मक उद्देश्य :-

छात्र अश्वत्थामा के जीवन संबंधी भेद बता सकेंगे।

प्रयोगात्मक उद्देश्य :-

छात्रों को कहानी सुनाकर अश्वत्थामा से परिचित करा सकेंगे।

कौशलात्मक उद्देश्य :-

छात्र अश्वत्थामा का विश्लेषण कर सकेंगे।

सामान्य सामग्री :— चॉक, श्यामपट्ट, डस्टर तथा संकेत

उद्देश्यानात्मक सामग्री :— चार्ट, मॉडल, फ्लैश कार्ड की के कार्ड से कहानी पढ़ना।

पूर्व-ज्ञान :— छात्र अश्वत्थामा के बारे में कुछ जानकारी रखते हैं।

छात्राध्यापिका- क्रिया	छात्र- क्रिया
1. महाभारत का युद्ध किसके बीच हुआ था?	कौरव और पांडवों के बीच
2. पांडवों के गुरु कौन थे?	कृपाचार्य और द्रोणाचार्य
3. द्रोणाचार्य के पुत्र कौन थे?	अश्वत्थामा
4. अश्वत्थामा के बारे में आप क्या जानते हैं?	समस्यात्मक प्रश्न

उद्देश्य-कथन :— आज मैं तुम्हें अश्वत्थामा के बारे में जानकारी दूंगी बताऊंगी।

प्रस्तुतिकरण :—

शिक्षण बिंदु	छात्राध्यापक - क्रिया	छात्र- क्रिया	श्यामपट्ट क्रिया
सारांश	इस कहानी में द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा का वर्णन किया गया है। जिसने महाभारत के युद्ध में कौरवों के पक्ष से युद्ध किया था। इसने ही द्रोपदी के सभी पुत्रों का वध किया था। और अंत में भीमसेन अर्थात भीम के बीच युद्ध हुआ। जिसने अब अश्वत्थामा पराजित हुआ।		
कहानी का प्रस्तुतिकरण	महाभारत के युद्ध में दुर्योधन पर जो कुछ बीती उसका हाल सुनकर अश्वत्थामा बहुत क्षुब्ध हो उठा। उसके पिता द्रोणाचार्य को मारने के लिए जो कुचक्र रचा गया था, वह उसे भूला नहीं था। वह उस स्थान पर पहुंचा जहां दुर्योधन मृत्यु की प्रतीक्षा करता हुआ पड़ा था। दुर्योधन की इस प्रकार की स्थिति देखकर अश्वत्थामा दुःखी हो गया था। वह बोला पांडवों का आज रात को नाश कर दूँगा।		

शिक्षण बिंदु	छात्राध्यापक - कार्य	छात्र - क्रिया	श्यामपट्ट कार्य
	यह सुनकर दुर्योधन खुश हुआ और तथा उसने अश्वत्थामा को तुरंत सेनापती बना दिया। वह सोते हुए पांडवों को उनको शिविर में गया और उसने सबसे पहले धृष्ट० प्रद्युम्न को मारा। जो द्रौपदी का भाई था। उसने सभी पंचाल वीरों और तथा सभी द्रौपदी पुत्रों की मृत्यु कर दी। कृपाचार्य तथा कृतवर्मा ने शिविरों में आग लगा दी। पांडवो के सारे सैनिकों को अश्वत्थामा ने बड़ी निर्दयता के साथ मारा डाला। उसने आकर दुर्योधन को बताया कि सारे पांडव मारे गए। पांडव पक्ष में सात तथा हमारे पक्ष में तीन वीर बचे है।	सभी बच्चे ध्यान पूर्वक सुन रहे है।	

शिक्षण बिंदु	छात्राध्यापक - कार्य	छात्र - कार्य	श्यामपट्ट कार्य
	यह सुनकर दुर्योधन ने प्रसन्नचित होकर प्राण त्याग दिए। द्रौपदी का करूणाविलाप अब देखा नहीं जा रहा था। उसकी यह स्थिती देखकर पांडव गंगा नदी की ओर छिपे अश्वत्थामा की ओर पहुँचे। पांडव वंश का नामोनिशान मिट गया होता परंतु उत्तरा के गर्भ में एक बालक अभी बचा था। उसी समय उत्तरा ने परीक्षित जन्म दिया। अंत में अश्वत्थामा पराजित और मृत्यु को प्राप्त हुआ। हस्तिनापुर में चारों ओर विलाप चल रहा था।	छात्र ध्यान से सब सुन रहे थे।	

मूल्यांकन ⟹

अश्वत्थामा कौन था ?
1. उत्तरा का पुत्र कौन था ?
2. सर्वप्रथम अश्वत्थामा का ने किसको मारा ?
3. अश्वत्थामा का युद्ध किसके साथ हुआ ?
4.

संदर्भ पुस्तिका ⟹

प्रस्तुत पाठ्य पुस्तक 'हिन्दी बाल महाभारत कथा' हरियाणा शिक्षा बोर्ड के कक्षा 7 की पुस्तक से लिया गया है।

Satpal

LESSON No. 11

Date

Pupil Teacher's Name अन्जली शर्मा

Duration of the period 30 मिनट

Class 7th

Pupil Teacher's Roll No.

Subject हिन्दी

Average Age of the pupils

Topic राष्ट्रीय प्रतीक

विषय वस्तु विश्लेषण :-

छात्रों को राष्ट्रीय प्रतीक से अवगत कराना।

सामान्य उद्देश्य :-

1. छात्रों में राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान उत्पन्न करना।
2. छात्रों में बौद्धिक शक्ति का विकास करना।
3. छात्रों में कल्पना शक्ति का विकास करना।
4. छात्रों में विचार विमर्श का विकास करना।
5. छात्रों के लेखन कौशल में वृद्धि करना।

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :-

ज्ञानात्मक उद्देश्य :-

छात्र राष्ट्रीय प्रतीक के बारे में जान सकेंगे।

बोधात्मक उद्देश्य :-

छात्र राष्ट्रीय प्रतीक के महत्व को जान सकेंगे।

प्रयोगात्मक उद्देश्य :-

छात्र चित्रों द्वारा राष्ट्रीय प्रतीकों का अध्ययन कर सकेंगे।

कौशलात्मक उद्देश्य :-

छात्र राष्ट्रीय प्रतीकों का विश्लेषण कर सकेंगे।

सामान्य सामग्री :-

चॉक, डस्टर, श्यामपट्ट, संकेतक आदि।

अनुदेशनात्मक सामग्री :-
चार्ट, मॉडल या फ्लैश कार्ड के माध्यम से राष्ट्रीय प्रतीकों को प्रस्तुत करना।

पूर्व ज्ञान :-
छात्र राष्ट्रीय प्रतीकों के बारे में सामान्य जानकारी रखते हैं।

प्रस्तावना :-

छात्र-अध्यापिका क्रिया	छात्र क्रिया
1. भारत का राष्ट्रीय ध्वज कौन सा है?	तिरंगा
2. तिरंगे में कितने रंग हैं?	तीन रंग
3. वह तीन रंग कौन-से हैं?	केसरिया, सफ़ेद, हरा
5. भारत में तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में कब प्रदर्शित किया गया?	समस्यात्मक प्रश्न

उद्देश्य कथन :-
अच्छा बच्चो! आज हम राष्ट्रीय प्रतीकों के बारे में पढ़ेंगे।

प्रस्तुतीकरण :-

शिक्षण बिंदु	छात्र अध्यापिका क्रिया	छात्र क्रिया	श्यामपट्ट
राष्ट्रीय प्रतीक	हमारे देश भारत के कुछ राष्ट्रीय प्रतीक या चिह्न निश्चित किए गए जैसे राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु, राष्ट्रीय पुष्प, राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रीय गान, राष्ट्रीय गीत आदि। सारे देश की जनता को इनका सम्मान करना आवश्यक है।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	
राष्ट्रीय पक्षी-मोर	मोर को भारत के राष्ट्रीय पक्षी के रूप में स्वीकार किया गया। जो बादलों की घनघोर घटाओं और को सुनकर प्रसन्नचित हो जाता है और अपने ऊँचे स्वर में बोलता है तथा नृत्य करता है। यह नृत्य मन को हरने वाला होता है।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	
राष्ट्रीय पुष्प-कमल	कमल को भारत के राष्ट्रीय पुष्प के रूप में स्वीकार किया गया। यह कीचड़ में उत्पन्न होता है तथा उचित अवसर के पाकर यह विकसित	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	

शिक्षण बिन्दु	छात्र अध्यापिका क्रिया	छात्र क्रिया	श्यामपट्ट कार्य
	होता है तथा खिलता है। उसी प्रकार किसी भी पुत्र में उत्पन्न मनुष्य ~~अवसर~~ उचित अवसर पाकर अपनी सफलता की सीढ़ियों को चूमता है।	छात ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	
बोध प्रश्न	भारत का राष्ट्रीय पक्षी कौन है?	मोर	
राष्ट्रीय गान	भारत का राष्ट्रीय गान गुरुदेव रविन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा रचित 'जन-गण-मन' है। इसको संविधान में 24 जनवरी 1950 में भारत का राष्ट्रीय गान स्वीकार किया गया। इसको गायन का समय 52 सैकेंड है। इसका उतार-चढ़ाव भी निश्चित होता है। इसे रविन्द्रनाथ ठाकुर ने सन् 1912 में तत्वबोधिनी पत्रिका से प्रकाशित किया था।	छात ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	
बोध प्रश्न	भारत का राष्ट्रीय गान संविधान में कब स्वीकार किया गया?	24 जनवरी, 1950	
राष्ट्रीय ध्वज	तिरंगे को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में स्वीकार किया		

शिक्षण बिन्दु	छात्र अध्यापिका क्रिया	छात्र क्रिया	श्यामपट्ट
	गया। जिसमें तीन रंग मौजूद होते हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा रंग होता है। केसरिया रंग त्याग, स्फूर्ति, वीरता तथा बलिदान का सूचक है। सफेद रंग शांति और अमन का सूचक है। हरा रंग हरियाली व खुशहाली का सूचक माना जाता है। तथा तिरंगे के मध्य में अशोक चक्र भी होता है।	छात ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	
बोध प्रश्न	सफेद रंग किसका सूचक है?	अमन और शांति	
राष्ट्रीय गीत	भारत का राष्ट्रीय गीत बंकिमचन्द्र चटर्जी द्वारा रचित 'बन्दे मातरम' है। इसे 26 जनवरी 1950 को राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया गया। इस गीत को गाने का निर्धारित कुल समय 1 मिनट 20 सेकेन्ड का होता है।	छात ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	

मूल्यांकन :-
① हमारा राष्ट्रीय ध्वज क्या है?
② हमारा राष्ट्रीय ध्वज कितने रंगों का है?
③ हमारा राष्ट्रीय पुष्प कौन-सा है?
④ राष्ट्रीय गान को गाने में कितना समय लगता है?

गृह कार्य :-

संदर्भ पुस्तिका :-
प्रस्तुत पाठ्य सामग्री कक्षा हरियाणा शिक्षा बोर्ड कक्षा सातवीं की 'हिन्दी' पाठ्य पुस्तक से लिया गया है।

Parmila

Date..............................

LESSON No. 12

Pupil Teacher's Name मनजनी राघव

Duration of the period 20 मिनट

Class पंचम

Pupil Teacher's Roll No. ....

Subject हिन्दी

Average Age of the pupils ....

Topic वाक्य के प्रकार

विषय वस्तु विश्लेषण :-
छात्रों को वाक्य के प्रकार से अवगत कराना।

सामान्य उद्देश्य :-
① छात्रों को वाक्यों के प्रकार से परिचित कराना।
② छात्रों में विचार विमर्श का विस्तार करना।
③ छात्रों में लेखन कौशल वृद्धि करना।
④ छात्रों में कल्पना शक्ति का विस्तार करना।
⑤ छात्रों के मानसिक विकास में सहायता करना।

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :-

ज्ञानात्मक उद्देश्य :-
छात्र वाक्य के प्रकार के बारे में जान सकेंगे।

बोधात्मक उद्देश्य :-
छात्र वाक्य के प्रकार का भेद बता सकेंगे।

प्रयोगात्मक उद्देश्य :-
छात्र उदाहरण द्वारा वाक्य के प्रकार समझा सकेंगे।

कौशलात्मक उद्देश्य :-
छात्र वाक्य के प्रकार का विश्लेषण कर सकेंगे।

सामान्य सामग्री :-
चॉक, श्यामपट्ट, डस्टर, संकेतक आदि।

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :-
चार्ट या मॉडल द्वारा वाक्य के प्रकार को दर्शाना।

पूर्व ज्ञान :-
छात्र वाक्य के बारे में सामान्य जानकारी रखते हैं।

प्रस्तावना :-

छात्र अध्यापिका क्रिया	छात्र क्रिया
1. वर्ण किसे कहते हैं?	स्वर और व्यंजन के मेल को
2. शब्द कैसे बनता है?	वर्णों के मेल से
3. वाक्य कैसे बनता है?	शब्दों के मेल से
4. वाक्य कितने प्रकार के होते हैं?	समस्यात्मक प्रश्न

उद्देश्य कथन :-
अच्छा बच्चो आज हम वाक्यों के प्रकार के बारे में पढ़ेंगे।

प्रस्तुतीकरण :-

शिक्षण बिंदु	छात्राध्यापिका क्रिया	छात्र क्रिया	श्यामपट्ट कार्य
वाक्य के प्रकार रचना के आधार पर	रचना के आधार पर वाक्य के तीन प्रकार माने गये हैं :- (क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्र वाक्य सरल → मोहन ने खाना खाया। संयुक्त → मोहन स्कूल जाता है और मन लगाकर पढता है। मिश्र → हम जानते हैं कि वे आज नहीं आएंगे जबकि आज उनकी अत्यंत आवश्यकता है।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	
बोध प्रश्न	रचना के आधार पर वाक्य के कितने प्रकार होते हैं?	तीन प्रकार सरल, संयुक्त, मिश्र	
अर्थ के आधार पर	अर्थ के आधार पर वाक्य के आठ प्रकार होते हैं :- विधानवाचक 7. संदेहबोधक 1. निषेधात्मक 8. अर्थबोधक 2. आज्ञावाचक 3. प्रश्नवाचक 4. विस्मयादिबोधक 5. इच्छा बोधक 6.	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रिया	छात्र क्रिया	श्यामपट्ट कार्य
1. विधान वाचक वाक्य	इसमें किसी बात या कार्य के होने का बोध होता है। जैसे — प्रधान-मंत्री ने लाल किले पर झंडा फहराया।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	
2. निषेधात्मक वाक्य	इसमें किसी बात या कार्य के न होने का बोध या भाव प्रकट होता है। जैसे — मैं कुछ नहीं कर सकी।		
3. आज्ञा वाचक वाक्य	इसमें किसी कार्य या बात के लिए आज्ञा, प्रार्थना या उपदेश का भाव होता है। जैसे — यहाँ से चले जाओ।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	
4. प्रश्नवाचक वाक्य	इसमें किसी प्रश्न के पूछे जाने का बोध होता है। जैसे — तुमने इतनी देर कहाँ लगा दी।		
5. विस्मयादि बोधक	इसमें विस्मय, क्रोध, घृणा, करुणा आदि का भाव होता है। जैसे — वाह! क्या चित्र बनाया है।		
6. शुभकामना बोधक	इसमें अच्छा, शुभकामना, अभिशाप आदि का भाव प्रकट होता है।		

शिक्षण बिंदु	छात्र अध्यापिका क्रिया	छात्र क्रिया	श्यामपट्ट कार्य
	जैसे — तुम्हारा कल्याण हो।		
7. संदेह बोधक वाक्य	इसमें संदेह या संभावना का बोध होता है। जैसे — हो सकता है कि आज वर्षा हो।	छात्र ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।	
8. शर्त बोधक वाक्य	इसमें एक बात या कार्य का होना या न होना दूसरी बात या कार्य पर निर्भर करता है। जैसे — यदि वर्षा न होती तो, अकाल पड़ जाता।		

मूल्यांकन :-

वाक्य कितने प्रकार के होते हैं?

1. रचना के आधार पर वाक्य कितने प्रकार
2. के होते हैं?

अर्थ के आधार पर वाक्य कितने प्रकार
3. के होते हैं?

गृह कार्य :-

संदर्भ पुस्तिका :-

प्रस्तुत पाठ्य सामग्री हरियाणा शिक्षा बोर्ड कक्षा सातवीं की पुस्तक 'हिन्दी व्याकरण एवं रचना' से ली गई है।